
# समाचार

## निर्माणाधीन निजी शौचालयों का निरीक्षण किया महापौर ने

## (निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश)





कोरबा 06 अक्टूबर 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम क्षेत्र निर्मित किये जा रहे निजी शौचालयों एवं पूर्ण किये गये शौचालयों का निरीक्षण किया। उन्होने शौचालयों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये, साथ ही जिन निजी शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन मकान मालिकों से महापौर ने अनुरोध किया कि वे निर्मित किये गये शौचालयों का उपयोग करना प्रारंभ कर दें।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निगम क्षेत्र के विभिन्न बस्तियों में निजी शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। विगत कई महीनों से शौचालयों के निर्माण की कार्यप्रक्रिया प्रगति पर है तथा काफी संख्या में निजी शौचालय निर्मित भी कर लिये गये है एवं शेष शौचालयों की निर्माण की कार्यप्रक्रिया जारी है। 02 अक्टूबर को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के पार्षदों व अधिकारियों के साथ निजी शौचालयों का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने राताखार, तुलसीनगर, गेरवाघाट आदि बस्तियों का दौरा किया तथा निर्मित किये जा रहे शौचालयों के निर्माण कार्य का सघन निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिये। दौरे के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने जिन मकान मालिकों के निजी शौचालय निर्मित कर दिये गये हैं, उनसे अपील की कि वे नवनिर्मित शौचालयों का उपयोग करना प्रारंभ कर दें ताकि जिस मंशा एवं उद्‌देश्य के साथ इन शौचालयों का निर्माण किया गया है, वे उद्‌देश्य यथार्थ रूप में प्राप्त किये जा सके।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पार्षद विकास अग्रवाल, मनकराम साहू, राजा गुप्ता, गीता महंत, कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संगीता सक्सेना, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, सेवादल की ममता अग्रवाल, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, एच.आर. बघेल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।